POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 08.05.2025

थाना मऊआइमा पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना मऊआइमा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-157/25 धारा-109(1)/115(2)/352/351(3)/333 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार गौतम पुत्र रमाशंकर निवासी ग्राम मादीपुर थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज को आज दिनांक-08.05.2025 को थाना मऊआइमा पुलिस टीम द्वारा थाना मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मादीपुर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक-07.05.2025 को अभियुक्त अरविन्द तिवारी उपरोक्त द्वारा अपने परिवारीजनो के साथ थाना मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मादीपुर निवासी रोहित तिवारी पुत्र प्रमोद तिवारी व उसके चाचा दिनेश तिवारी पुत्र सुदामा तिवारी को जमीनी विवाद को लेकर जान से मारने के नियत से लोहे की राड से हमला किया गया था, जिसके सम्बंध मे थाना मऊआइमा पर मु0अ0सं0-157/25 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अरविन्द कुमार गौतम पुत्र रमाशंकर निवासी ग्राम मादीपुर थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 30 वर्ष ।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-157/25 धारा-109(1)/115(2)/352/351(3)/333 भा0न्या0सं0 थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 हरिशंकर सिंह, थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 अंकेश गिरी, थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।